तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 3 जून 2026

11 अगवानपुर रेलवे फाटक के पास अंडरपास...

12 रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं शहर को...


स्वास्थ्य विभाग ने न्याय युद्ध मंच के संयोजक की ओर से उठाए गए मुद्दों पर लिया संज्ञान संयुक्त जांच समिति गठित

# जनता की आवाज दबाने की कोशिश नाकाम, स्वास्थ्य विभाग और विजिलेंस करेंगी टेंडर घोटाले की जांच


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में दवाइयों, टीबी विभाग से संबंधित टेंडर प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर कई माह से उठाई जा रही जनता की आवाज को दबाने की कोशिश अब नाकाम होती नजर आ रही है। स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों ने अन्याय के विरुद्ध-न्याय युद्ध मंच की ओर से उठाए गए इन मुद्दों पर संज्ञान लेते हुए संयुक्त जांच समिति का गठन किया है। उक्त घोटालों की जांच में अब स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ विजिलेंस की टीम भी शामिल होगी। संयुक्त जांच समिति के साथ 23 जून को जांच प्रक्रिश में शामिल होने के साथ शिकायतकर्ता देवेंद्र गौतम को भी पत्र भेजा गया है। साथ ही विभाग के निदेशक डॉ. जितेंद्र कादियान ने कार्यालय महानिदेशक,

- संयुक्त जांच समिति के साथ 23 जून को शिकायतकर्ता देवेंद्र गौतम भी होंगे जांच प्रक्रिया में शामिल
- स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक ने कई उच्च अधिकारियों को जांच में शामिल होने के लिए भेजा पत्र

लेखा अधिकारी सहित कई अधिकारियों से जांच प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पत्राचार किया है।

बता दें कि अन्याय के विरुद्ध-न्याय युद्ध अभियान के संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौतम कई माह से अस्पताल में विभिन्न अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाते आए हैं। विभिन्न मुद्दों को लेकर वह कई बार पत्रकारों से बातचीत में संबंधित दस्तावेजों को भी सार्वजनिक कर चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अब उन्हीं तथ्यों के आधार पर संज्ञान लिया है। देवेंद्र गौतम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक ने उनकी शिकायत के आधार पर संयुक्त जांच समिति गठित कर विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है। साथ ही संबंधित प्रकरण में राज्य सतर्कता (विजिलेंस) विभाग से भी जांच करवाने की मांग की गई है। गौरतलब है कि यह वही मामला है, जिसमें नागरिक अस्पताल के अंतर्गत जारी दो महत्वपूर्ण टेंडर आईडी 2025 एचआरवाई 471938_1 व 477781_1 को लेकर लगातार सवाल उठाए गए थे। पत्र में उल्लेखित तथ्यों के अनुसार टेंडर प्रक्रिया में शामिल कुछ फर्मों के दस्तावेजों में कथित तौर पर काट-छांट, ओवरराइटिंग, हस्तक्षेप, संदिग्ध दस्तावेजों के उपयोग जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उनकी मांग है कि यदि किसी फर्म ने नियमों के विपरीत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।


सोनीपत। नागरिक अस्पताल की अनियमितताओं पर दस्तावेज दिखाते सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौतम।

### तथ्यों पर चर्चा के बजाय कानूनी नोटिस भेजने का आरोप

देवेंद्र गौतम ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने मुद्दों को उठाया, तो इनका जवाब देने के बजाय पूर्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने तथ्यों पर चर्चा किए बिना उन्हें कानूनी नोटिस भेज दिए। पुलिस विभाग में शिकायतें की गईं, विभिन्न माध्यमों से दबाव बनाने का प्रयास किया गया। आज वहीं मामला विभागीय स्तर पर जांच के दायरे में आ चुका है। उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं, बल्कि जनता के टैक्स रूपी पैसे की रक्षा करना, सरकारी संस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। नागरिक अस्पताल में हुए सभी विवादित टेंडरों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए।

### सरकार व स्वास्थ्य विभाग से मांग

- गठित संयुक्त जांच समिति की रिपोर्ट जांच के बाद सार्वजनिक की जाए।
- राज्य विजिलेंस विभाग से स्वतंत्र जांच करवाकर सार्वजनिक की जाए।
- संबंधित टेंडरों का तकनीकी एवं वित्तीय ऑडिट कराया जाए।
- दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं फर्मों पर नियमानुसार कार्रवाई हो।
- जांच पूरी होने तक विवादित मामलों से जुड़े निर्णयों की समीक्षा की जाए।

## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

सोनीपत। एनएच-44 पर झिलमिल ढाबे के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग गय। घायल युवक को पहले नागरिक अस्पताल और बाद में पीजीआई रोहतक भेजा गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरके कॉलोनी निवासी अमित की शिकायत पर मुरथल थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस शव की पहचान और भागे वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

### व्यक्ति पर फायरिंग हाथ में लगी गोली

खरखौदा। गांव गोरड़ में खेत पर काम कर रहे एक व्यक्ति पर गोली चलाने का मामला सामने आया है। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए खानपुर स्थित पीजीआई में भर्ती कराया गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव गोरड़ निवासी जगबीर ने बताया कि वह 1 जून को सुबह करीब 8 बजे अपने खेत में काम करने गया था। इसी दौरान गांव का ही शमशेर उर्फ पप्पू वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। आरोपी ने पिस्तौल से फायर कर दिया। गोली उसके दाहिने हाथ में लगी, वह घायल हो गया।

### घर से नकदी और जेवरात ले उड़े चोर

सोनीपत। गांव नाहरी में चोरों ने दिनदहाड़े एक बंद घर को निशाना बनाकर नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित रानेश कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि परिवार के सभी सदस्य काम पर गए हुए थे। शाम को उसकी मां नागवती घर पहुंची तो मुख्य दरवाजे और अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर अलमारी के लॉकर से करीब दो लाख रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी लेकर भाग गए थे। कुंडली थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

खरखौदा। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सांपला बाईपास से एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 32 बोर की एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। युवक ने अपनी पहचान अशवीन समालखा के रूप में बताई है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराने बस अड्डे पर रक्तदान शिविर 5 को

गोहाना। शहर के पुराने बस अड्डे पर ब्रह्म भवन में 5 जून को रक्तदान शिविर आयोजित होगा। यह शिविर डॉ. ओमप्रकाश शर्मा और उनकी पत्नी शकुंतला शर्मा के जन्मदिन पर आयोजित होगा। शिविर में रक्त संकलन के लिए दिल्ली से टीम पहुंचेगी। संयोजन डॉ. इंद्र अवतार शर्मा और एडवोकेट इंद्र प्रकाश शर्मा का रहेगा। शिविर का समय प्रातः 9:30 बजे से सायं 3 बजे तक का रहेगा।

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने पोर्टल पर जारी किया सीटों का विवरण

# आईटीआई में पटरी पर आई दाखिले की गाड़ी, कॉलेजों में पुनः पंजीकरण शुरू

**मिशन एडमिशन**

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए विद्यार्थियों को राहत देते हुए 15 जून तक बढ़ाई गई पंजीकरण प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए जहां विद्यार्थियों को राहत देते हुए पंजीकरण प्रक्रिया की तिथि को बढ़ाकर 15 जून तक कर दिया है, वहीं जिले के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिले की गाड़ी पटरी पर आ गई है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने मंगलवार से दाखिला प्रक्रिया के लिए पोर्टल ओपन करते हुए सीटों का विवरण जारी कर दिया है। युवाओं को रोजगारपरक एवं तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न तकनीकी एवं गैर तकनीकी ट्रेड में दाखिले पाने के लिए 15 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

बता दें कि जिले में करीब 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। निदेशालय ने पोर्टल ओपन करने के साथ ट्रेड व सीटों का विवरण भी जारी किया है। जिले में इस बार 3 हजार से अधिक सीटों पर विद्यार्थियों के दाखिले होंगे। सोनीपत आईटीआई की बात करें तो एक वर्षीय ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन तकनीशियन कोर्स सहित विद्यार्थी इलेक्ट्रीशियन ड्यूल, मोटर व्हीकल मैकेनिक, कंप्यूटर ऑपरेटर, हिंदी, अंग्रेजी स्टैनोग्राफर, मैकेनिक ड्यूल, स्टैनोग्राफर अंग्रेजी ड्यूल, इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक ड्यूल, प्लंबर, फिटर, वेल्डर, वायरमैन, इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक ड्यूल, ड्राफ्ट्समैन, रेफ्रिजरेटर एंड एयर कंडिशनिंग तकनीशियन, फीटर ड्यूल, मैकेनिक ड्यूल व प्लंबर जैसे ट्रेड में दाखिला पा सकेंगे।


सोनीपत। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए हेल्प डेस्क पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### हेल्प डेस्क भी स्थापित किया

*आईटीआई में दाखिले के लिए पोर्टल ओपन हो चुका है। विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण में कोई परेशानी न हो, इसके लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। विद्यार्थी 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों का आह्वान है कि वह आईटीआई में दाखिला पाने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि का इंतजार न करें। प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी व मेरिट के आधार पर होगी।*
*-विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य आईटीआई, सोनीपत*

### ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया

*यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर महाविद्यालयों में फिर से ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विद्यार्थी 15 जून तक पंजीकरण करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। विद्यार्थियों की काउंसलिंग व सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।*
*-डॉ. सीमा गर्ग, प्राचार्या हिंदू कालेज, सोनीपत*

### दस्तावेजों के साथ पीपीपी अनिवार्य

निदेशालय की हिदायत अनुसार आईटीआई संस्थानों में दाखिला पाने वाले विद्यार्थियों के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य रखा गया है। इसके अलावा इच्छुक विद्यार्थियों को आवेदन के समय आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक सहित अन्य दस्तावेज पेश करने होंगे। इनकी स्केन प्रतियां दाखिला फार्म के साथ अपलोड करनी होंगी। अन्यथा दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है।

### फिर लगेगी पंजीकरण को भीड़

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालयों में दाखिले को लेकर पंजीकरण की समय सीमा को 15 जून तक बढ़ाया है। ऐसे में इच्छुक विद्यार्थियों की भीड़ महाविद्यालयों में यूजी कोर्स के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए नजर आने लगेगी। जिले में इस बार 13500 से अधिक सीटें यूजी कोर्स के लिए निर्धारित की गई हैं। बता दें कि पहले निदेशालय ने जारी शेड्यूल में 31 मई तक ही पंजीकरण करवाने की तिथि निर्धारित की थी, लेकिन अधिकतर महाविद्यालय 50 प्रतिशत सीटों पर भी पंजीकरण पूरा नहीं करवा पाए थे।

सिगरेट और जूस के सैंपल लिए

# कनफेक्शनरी दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी


गन्नौर। कनफेक्शनरी दुकान पर जूस की जांच करते जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. बीरेंद्र यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और नियमों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कनफेक्शनरी दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने कई दुकानों से सिगरेट, और विभिन्न कंपनियों के जूस के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. बीरेंद्र यादव के नेतृत्व में चली कार्रवाई के दौरान दुकानों पर उपलब्ध खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच की गई। टीम ने इंपार्टेड सिगरटों की जांच की जिन पर वैधनिक चेतावनी नहीं लखी गई थी। इसके अलावा उत्पादों की एक्सपायरी तिथि, भंडारण व्यवस्था, साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई दुकानदारों को खाद्य सामग्री के रखरखाव और नियमों की पालना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. बीरेंद्र यादव ने बताया कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे निरीक्षण अभियान चलाए जाते हैं। सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक और जूस के लिए गए सैंपलों को खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है, जहां उनकी गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप होने की जांच की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी उत्पाद का सैंपल जांच में निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता है तो संबंधित दुकानदार अथवा कंपनी के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

> उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता

# होटल में रुकी युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में जान गई

**पिता ने जताई फूड प्वाइजनिंग की आशंका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिल्ली से घर लौटते समय रात अधिक होने पर बस अड्डा के पास होटल में ठहरी युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नागरिक अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद युवती ने दम तोड़ दिया। मृतका के पिता ने रात को बाहर से मंगाए गए भोजन के कारण फूड प्वाइजनिंग होने की आशंका जताते हुए बयान दर्ज कराए हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर विसरा सुरक्षित रख लिया है।

दिल्ली की एक निजी कंपनी में कार्यरत राई क्षेत्र के वार्ड-8 निवासी कीर्ति सोमवार को अपने घर के लिए रवाना हुई थी। सोनीपत पहुंचने पर रात अधिक होने के कारण उसने परिजनों को फोन पर सूचित किया और बस अड्डा के पास स्थित एक होटल में कमरा ले लिया। परिजनों के अनुसार कीर्ति ने रात को बाहर से खाना मंगाकर खाया था, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर उसे नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है और इसे एक दुखद हादसा बताते हुए इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई दर्ज कराई है।

### परिवार ने इत्तेफाकिया मौत की जानकारी दी

*युवती की अचानक तबीयत बिगड़ने व मौत होने की जानकारी मिली थी। परिवार ने इत्तेफाकिया मौत की जानकारी दी है। पोस्टमार्टम व विसरा जांच रिपोर्ट से मौत के कारण पूरी तरह स्पष्ट हो सकेंगे।*
*-इंस्पेक्टर सवित, थाना प्रभारी सेक्टर-27 सोनीपत*

# पेट्रोल-डीजल की अवैध बिक्री पर सख्ती फ्लाइंग स्क्वाड टीमें करेंगी निगरानी

सोनीपत। उपायुक्त नेहा सिंह ने जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की अवैध बिक्री और अंतर्राज्यीय स्तर पर डीजल-पेट्रोल के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी एसडीएम को हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) और पेट्रोल की असामान्य बिक्री पर नजर रखने तथा संदिग्ध मामलों की तत्काल जांच करने के आदेश दिए। उपायुक्त ने बताया कि जिले की नौ औद्योगिक इकाइयां ईंधन के रूप में डीजल का उपयोग करती हैं। इनमें कुण्डली, बहालगढ़, रेवली, खरखौदा, खानपुर और सेक्टर-12 स्थित इकाइयां शामिल हैं। उन्होंने पेट्रोल पंपों की दैनिक बिक्री की निगरानी, अचानक बढ़ी बिक्री के ऑडिट तथा अनधिकृत टैंकरों को थोक ईंधन आपूर्ति रोकने के निर्देश भी दिए। अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों की फ्लाइंग स्क्वाड टीमें गठित की गई हैं। तेल कंपनियों को भी बड़ी ट्रांजेक्शनों का विवरण डीएफएससी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# बस अड्डे पर मोबाइल चोरी के शक में युवक की धुनाई का वीडियो वायरल

सोनीपत। बस अड्डे पर मंगलवार सुबह मोबाइल चोरी के शक में एक युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना को लेकर शहरभर में चर्चा का माहौल बना है। बताया जा रहा है कि यह घटना सुबह करीब 4:50 बजे की है। वायरल वीडियो में सफेद शर्ट पहने एक युवक एक अन्य युवक को पकड़कर बस अड्डा परिसर में लाया। फिर उस पर मोबाइल चोरी या मोबाइल छीनने की कोशिश का आरोप लगाया। आरोप है कि मोबाइल लेकर भाग रहे तीन युवकों में से एक को उसने पकड़ लिया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ देर बाद मारपीट में बदल गई। वायरल वीडियो में एक युवक दूसरे युवक पर डंडे से हमला करता दिखाई दे रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 17 सेकेंड के अंदर युवक पर 7 बार डंडे से वार किए गए।

# करंट लगने से ढाबा कर्मी की मौत


गन्नौर। मृतक सोबान सिंह अपनी पत्नी के साथ।

गन्नौर। गन्नौर में एक ढाबे पर कार्यरत युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक 24 वर्षीय सोबान सिंह नेपाल के दार्चुला का रहने वाला था। वह पिछले कई महीनों से गन्नौर स्थित कृष्णा ढाबे पर तंदूर की रोटियां बनाने का कार्य कर रहा था। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई हिमंत ने बताया कि मंगलवार रात सोबान सिंह ढाबे पर लगे कूलर में पानी भर रहा था। इसी दौरान कूलर में करंट आ गया और वह उसकी चपेट में आ गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन करंट का झटका इतना तेज था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हिमंत ने बताया कि सोबान सिंह रोजगार की तलाश में करीब पांच माह पहले गन्नौर आया था। वह अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां निभा रहा था। उसकी शादी भी करीब सात माह पहले हुई थी और पत्नी फिलहाल नेपाल में रह रही है। सूचना मिलने पर थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव स्वजन को सौंप दिया।

नगर निगम ने एजेंसी को सौंपी कार्य की जिम्मेदारी, योजना पर खर्च होंगे 48.70 लाख रुपये

# शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने का सपना, निगम ने किया योजना का श्रीगणेश, आत्मनिर्भर होंगे लोग

कार्य की शुरुआत के लिए नगर निगम को मिली 9 लाख रुपये की राशि, शेष का कार्य अनुसार चरणबद्ध तरीके से होगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत शहर को जल्द ही भिक्षावृत्ति मुक्त बनाया जाएगा। शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने का सपना संयोए नगर निगम ने विभिन्न टीमों का गठन करने के पश्चात एजेंसी को कार्य की जिम्मेदारी सौंपी दी है। यह टीमें नगर निगम क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों का सर्वे शुरू कर कार्य का श्रीगणेश करेंगी। नगर निगम ने योजना पर करीब 48.70 लाख रुपये की राशि खर्च करने का निर्णय लिया है। प्रथम चरण के तहत ननि को करीब 9 लाख रुपये की राशि मिल चुकी है। शेष राशि का कार्य अनुसार चरणबद्ध तरीके से भुगतान किया जाएगा।

अधिकारियों की मानें ने निगम ने योजना को सिरे चढ़ाने के लिए शेल्टर होम तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अब नगर निगम क्षेत्र में भीख मांगने वालों को चिन्हित कर उन्हें शेल्टर होम में रखने का निर्णय लिया है। इन लोगों के लिए यहां रहने से लेकर खाने-पीने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। वर्तमान में भिक्षावृत्ति मुक्त योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में केवल फरीदाबाद में संचालित किया जा रहा है। सोनीपत में योजना को लागू करने की रणनीति तैयार की गई है। फरीदाबाद के अनुभवों से ही सोनीपत में योजना को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास होगा।



सोनीपत। रेलवे रोड स्थित नगर निगम का कार्यालय।

### जरूरतमंदों को मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना उद्देश्य

नगर निगम क्षेत्र को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए विशेष योजना पर कार्य शुरू किया गया है। इसके लिए टीमें गठन के साथ टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। साथ ही एजेंसी को कार्य की रुपरेखा से अवगत कराया गया है। सर्वे, शेल्टर होम, पुनर्वास की सभी व्यवस्थाएं चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही हैं। विभाग का उद्देश्य केवल भिक्षावृत्ति रोकना नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों को मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है।
हर्षित कुमार, आयुक्त, नगर निगम, सोनीपत

### टीमें सार्वजनिक जगहों से लेकर सड़कों तक लगाएंगी दौड़

भिक्षावृत्ति मुक्त योजना के तहत शहर को भिक्षावृत्ति से निजात दिलाने के लिए गठित टीमें सार्वजनिक स्थलों, इनमें नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, ट्रैफिक सिग्नलों से लेकर सड़कों तक दौड़ लगाएंगी। योजना के तहत भिक्षा मांगने वालों की पहचान की जाएगी। गठित टीमें विस्तृत सर्वे कर प्रत्येक व्यक्ति का रिकॉर्ड तैयार करेंगी। सर्वे के बाद उन्हें शेल्टर होम में भेजा जाएगा, जहां उनकी स्वास्थ्य जांच, काउंसलिंग के बाद आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।

### कौशल प्रशिक्षण देकर बनाएंगे आत्मनिर्भर

*नगर निगम प्रबंधन का मानना है कि सरकार का उद्देश्य मात्र भिक्षावृत्ति पर रोक लगाना ही नहीं है, बल्कि आश्रित इन लोगों को सम्मानजनक जीवन व रोजगार के अवसर भी मुहैया करवाना है। कई लोग मजबूरी, बेरोजगारी, नशे की लत, पारिवारिक विवाद या सामाजिक उपेक्षा के कारण भिक्षावृत्ति की ओर कदम बढ़ाते हैं। ऐसे लोगों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकें।*



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मजेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

लाइफ Style



# तृप्ति
## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एजेंसी ⏭ मुंबई

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।


एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।




# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताईं। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*



***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियन: अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियन: अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियन: अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगंगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट की टीम ने गाड़ी चोरी के एक मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पुरु पुत्र भूपेंद्र निवासी साउथ रानिकला, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गांव मुरथल निवासी संजीन पुत्र रामभज ने अक्टूबर 2022 में शिकायत दी थी कि उसने अपनी गाड़ी गांव मुरथल में खड़ी की थी, जो बाद में चोरी हो गई। शिकायत पर थाना मुरथल में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की जांच के दौरान क्राइम यूनिट वेस्ट में तैनात उप निरीक्षक संजीव ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपित पुरु को गिरफ्तार कर लिया।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त आरोपित जिला पानीपत के गांव चुलकाना निवासी संदीप उर्फ लाला पुत्र बलजीत को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। हाल में वह देवीलाल कॉलोनी सोनीपत में रहता है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 1 जून 2026 को थाना सदर गोहाना में नियुक्त सहायक उप निरिक्षक राकेश अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल के दौरान गोहाना-सोनीपत मार्ग पर गांव खेड़ी दमकन बाइपास के पास मौजूद थे। तभी उनको खुफिया सूचना प्राप्त हुई कि संदीप उर्फ लाला के पास अवैध हथियार है।

## वैकल्पिक मार्ग के लिए बनाए खराब रास्ते ने बढ़ाई दिक्कत

# अगवानपुर फाटक के पास अंडरपास निर्माण में देरी होने से लोग परेशान

**दो महीने काम चलता है तो कई-कई महीनों तक निर्माण कार्य बंद रहने से उठानी पड़ रही लोगों को भारी परेशानियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास का बंद पड़ा निर्माण कार्य व वैकल्पिक मार्ग के लिए बनाया गया खराब रास्ता ।

हरिभूमि सरोकार

अगवानपुर रेलवे फाटक के निकट निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास का कार्य लंबे समय से धीमी गति से चलने के कारण क्षेत्र के लोगों और वाहन चालकों में रेलवे प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अंडरपास निर्माण कार्य लगातार नहीं चल रहा है। उनका कहना है कि दो महीने काम चलता है तो कई-कई महीनों तक निर्माण कार्य बंद रहता है, जिससे परियोजना समय पर पूरी नहीं हो पा रही। ग्रामीणों और राहगीरों ने बताया कि लंबे अंतराल के बाद हाल ही में निर्माण कार्य दोबारा शुरू हुआ था, जिससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब अंडरपास का निर्माण जल्द पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि कार्य की धीमी गति को देखकर लोगों की उम्मीदें फिर धूमिल होती नजर आ रही हैं। लोगों का कहना है कि राजलू गढ़ी की ओर से आने-जाने वाले वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण स्थल के पास बनाए गए वैकल्पिक मार्ग की हालत बेहद खराब है। सड़क पर उड़ने वाली धूल के कारण दोपहिया वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में कई वाहन चालक पास की कॉलोनियों की गलियों से होकर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं, जिससे लोगों को और भी असुविधा हो रही है।

### परेशानी झेलनी पड़ रही

लोगों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि अंडरपास निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। यह मार्ग क्षेत्र के हजारों लोगों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है और निर्माण में देरी से परेशानी झेलनी पड़ रही है।



# नस्ल और फसल बचाओ, जैविक खेती को अपनाओ, समय की आवश्यकता : आशीष

■ गांव टेहा में कार्यक्रम के दौरान किसानों से प्राकृतिक और जैविक खेती के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष त्यागी।

किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष त्यागी ने कहा कि जैविक खेती समय की आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकको के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार प्रभावित हो रही है, जिसका असर खाद्यान्नों की गुणवत्ता पर भी पड़ रहा है। गांव टेहा में कार्यक्रम के दौरान किसानों से प्राकृतिक और जैविक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों की रक्षा की जा सकेगी। आशीष त्यागी ने कहा कि रासायनिक खेती के बढ़ते दुष्प्रभावों के बीच किसानों को जैविक खेती की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से फैबिनो बायो कंपनी ने अपनी बायो-कैप्सूल उत्पाद श्रृंखला को किसानों के लिए उपलब्ध कराने की जानकारी दी है। त्यागी ने बताया कि कंपनी का दावा है कि ये उत्पाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ-साथ फसलों के बेहतर विकास में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। बायो-कैप्सूल में उच्च मात्रा में सक्रिय जीवाणु मौजूद हैं, जो फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। फैबिनो बायो द्वारा एसीट बायो प्रो, एजो प्रो, पोटाश प्रो, पीएसबी प्रो, एनपीके प्रो तथा जिंक प्रो जैसे उत्पाद बाजार में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आशीष त्यागी ने कहा कि कंपनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को दिए जा रहे प्रोत्साहन का उल्लेख करते हुए किसानों से "नस्ल और फसल बचाओ, जैविक खेती अपनाओ" का आह्वान किया।

# गांव राजपुर में 65 लाख से बनेगा कम्युनिटी सेंटर, विधायक कादियान ने किया शिलान्यास

■ विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास करते हुए।

गांव राजपुर में ग्रामीणों को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त कम्युनिटी सेंटर की सौगात मिलेगी। एचआरडीएफ योजना के तहत करीब 65 लाख रुपए की लागत से बनने वाले कम्युनिटी सेंटर का विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत कर आभार जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याएं और विकास कार्यों से जुड़ी मांगें विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा जल्द समाधान सुनिश्चित करने को कहा। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि कम्युनिटी सेंटर बनने से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। इससे गांव के लोगों को सुविधा मिलने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी तथा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र का समग्र विकास कराया जाएगा। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनकी प्राथमिकता है।

## शिविर में 210 मरीजों के नेत्र जांचे 20 में मोतियाबिंद की समस्या पाई



सोनीपत। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

**सोनीपत।** दी महाराजा अग्रसेन समिति की ओर से अग्रवाल धर्मशाला, गुड़ मंडी में 45वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दिल्ली के वेणु आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की। शिविर के दौरान 210 मरीजों की जांच की गई। इनमें 20 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, जिन्हें निःशुल्क ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेजा गया। अन्य मरीजों को जरूरत के अनुसार मुफ्त दवाइयां दी गईं। अर्णव ऑप्टिशियन की ओर से जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। वहीं वर्मा लैब की टीम ने शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की। समिति के प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया कि यह शिविर हर माह के पहले मंगलवार को लगाया जाता है, ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। वरिष्ठ उपप्रधान संजय सिंगला ने कहा कि समिति के सदस्य सेवा कार्यों में लगातार योगदान दे रहे हैं।

# शिष्टता विद्यार्थी का श्रेष्ठ और अनमोल गुण : राजबीर शर्मा

■ जो विद्यार्थी शिष्टता के गुण से परिपूर्ण होते हैं वे अपने से बड़ों का सदैव आदर करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



एमडी राजबीर शर्मा।

शिष्टता वास्तव में किसी भी विद्यार्थी का सबसे श्रेष्ठ एवं अनमोल गुण है। यह गुण न केवल उनके चरित्र को निखारता है बल्कि उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में सफलता की मजबूत नींव भी रखता है। युवाओं को यह संदेश शहर में गोहाना-महम मार्ग स्थित एमआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के एमडी राजबीर शर्मा ने दिया। एमडी राजबीर शर्मा ने कहा कि शिष्ट विद्यार्थी अपने शिक्षकों, सहपाठियों और बड़ों का सदैव आदर करते हैं। इस आदर भाव के बदले उन्हें भी समाज में प्रेम और सम्मान की प्राप्ति होती है। एक शिष्ट व्यक्ति का समाज में हमेशा आदर होता है। विद्यार्थी का शालीन और विनम्र व्यवहार कक्षा में और घर पर एक सकारात्मक और सीखने-योग्य माहौल बनाता है। राजबीर शर्मा ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं होता। शिष्टता एक सुसंस्कृत और आदर्श नागरिक बनने की दिशा में सबसे पहला कदम है। शिष्टता ही वह गुण है जो आज के युवा को भविष्य का एक मजबूत व अच्छा इंसान बनाने में सहायक है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वे किसी भी परिस्थिति में शिष्टता न छोड़ें।



सोनीपत। लोगों को मोबाइल लौटाते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### चालीस गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए

**सोनीपत।** गुमशुदा मोबाइल फोनों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोनीपत पुलिस की साइबर सेल को सफलता मिली है। मई माह के दौरान साइबर सेल ने विभिन्न स्थानों से गुम 40 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख बताई गई है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन एवं साइबर कुशल पाल सिंह तथा सहायक पुलिस आयुक्त साइबर राजदीप मोर के निर्देशन में साइबर सेल इंचार्ज उप निरीक्षक कमल सिंह और उनकी टीम ने तकनीकी निगरानी के माध्यम से इन मोबाइल फोनों को ट्रेस किया। मोबाइल हैंडओवर कार्यक्रम के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त क्राइम राजपाल सिंह ने मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे। उन्होंने बताया कि सभी मोबाइल सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर गुमशुदा के रूप में दर्ज थे। शिकायत मिलने के बाद मोबाइल ब्लॉक कर दिए गए और तकनीकी सहायता से उन्हें बरामद किया गया।

## न्यूज डायरी



### अवैध खनन पर सख्तीः 13.92 लाख जुर्माना वसूला

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अवैध खनन पर रोक लगाने और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने तथा सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। नेहा सिंह ने खनन विभाग और पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से नाके लगाकर नियमित जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही आरटीए अधिकारियों को ओवरलोड वाहनों के तत्काल चालान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक खनन अभियंता सी.बी. तिवारी ने बताया कि 26 फरवरी से 1 जून तक चलाए गए अभियान में 38 वाहन जब्त किए गए और 13 लाख 92 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस अवधि में विभाग को एक करोड़ 48 लाख 91 हजार 939 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।




### रोजगार के मुद्दे को लेकर अधिकारियों से मुलाकात

**खरखौदा।** रोजगार में क्षेत्रीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर दहिया खाप के प्रधान जयपाल दहिया और राणा खाप के प्रधान विनोद राणा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मारुति प्लांट के हेड विक्रम सरीन से मुलाकात की। बैठक में कंपनी के अन्य अधिकारी, दहिया खाप तथा जटराना खाप के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस दौरान जयपाल दहिया ने कहा कि क्षेत्र में यह चर्चा है कि खरखौदा क्षेत्र के युवाओं को अपेक्षित रोजगार नहीं मिल रहा, इसके विपरित दूर-दराज के युवाओं को रोजगार के मामले में तरजीह दी जा रही है। उन्होंने जानना चाहा कि इन चर्चाओं में कितनी सच्चाई है कि रोजगार के मामले में खरखौदा उपमंडल के युवाओं की उपेक्षा की जा रही है।

### समर कैंप में विद्यार्थियों को वाक कला का दिया ज्ञान



**गोहाना।** जागसी गांव स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में चल रहे भारतीय भाषा समर कैंप के दूसरे दिन मंगलवार को घर व बाहर लोगों से बातचीत करने संबंधी जानकारी दी। कैंप में कक्षा छठी से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थी प्रतिभागिता कर रहे हैं। विद्यार्थियों को वाक कला में निपुण बनाने के लिए विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। कैंप के दूसरे दिन संस्कृत अध्यापक नीरज सांगवान ने छात्राओं को भारत के ऐतिहासक शहरों की जानकारी देने के साथ घर व घर से बाहर लोगों से बातचीत करने संबंधी जरूरी जानकारी दी।

# देश सेवा के 40 वर्ष पूरे कर सेवानिवृत्त होकर लौटे रणबीर सिंह का स्वागत

■ भूटान में भी बढ़ा चुके हैं मान, 1986 में भारतीय सेना में हुए थे भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। रणबीर सिंह का स्वागत करते ग्रामीण।

गांव बादशाहपुर माच्छरी में देश सेवा की गौरवशाली पारी संपन्न कर लौटे वीर जवान रणबीर सिंह का ग्रामीणों द्वारा ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया। रणबीर सिंह पुत्र स्वगीय जागेराम 31 मई को राजस्थान के बाड़मेर सेक्टर से अपनी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हुए हैं। जैसे ही वह अपने पैतृक गांव पहुंचे, पूरे गांव में उत्सव का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने स्वागत किया। रणबीर सिंह चार अप्रैल 1986 को पुन्ना से सेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने लगभग 40 वर्ष (39 वर्ष से अधिक) की अपनी इस लंबी और बेदाग सर्विस के दौरान देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हुए विभिन्न दुर्गम और संवेदनशील हिस्सों में अपनी सेवाएं दीं। अपनी कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट ड्यूटी के बल पर उन्होंने सदैव अपने विभाग और क्षेत्र का नाम रोशन किया। वर्ष 2001 से 2003 के दौरान उन्हें भूटान में सेवा देने का स्वर्णिम अवसर मिला था। वहां ड्यूटी को उत्कृष्ट एवं सराहनीय तरीके से अंजाम देने के लिए उन्हें भूटान के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया था, जो पूरे जिले के लिए अत्यंत गौरव की बात है।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

### मतदाता सूची मैपिंग कार्य में तेजी के निर्देश

**सोनीपत।** एसडीएम सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में मंगलवार को मतदाता सूची के संक्षिप्त गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मैपिंग कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएलओ, एआरओ, सुपरवाइजर और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम सुभाष चंद्र ने कहा कि बीएलओ की ड्यूटी किसी भी परिस्थिति में नहीं हटाई जाएगी और सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के कार्यों को गंभीरता से पूरा करें। उन्होंने बताया कि सोनीपत शहर में अब तक लगभग 35 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 65 प्रतिशत कार्य शेष है। उन्होंने बीएलओ को रेसिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सहयोग से अगले पांच दिनों में शेष कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में अधिक माइग्रेशन होने के कारण मतदाता सूची को अद्यतन रखना चुनौतीपूर्ण है। एसडीएम ने निर्देश दिए कि जिन बूथों पर मैपिंग 50 प्रतिशत के आसपास है, वहां इसे बढ़ाकर कम से कम 75% तक पहुंचाया जाए। साथ ही अधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट, निगरानी और प्रशिक्षण के माध्यम से कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## प्रिंस प्रजापति ने एथलेटिक प्रतियोगिता में दो पदक जीते



गोहाना। पदक विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते नागरिक।

गोहाना। शहर के राम नगर निवासी प्रिंस प्रजापति ने राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में दोहरे पदक जीते। इसके साथ ही वे प्रदेश के सबसे तेज धावक बने। मंगलवार को शहर में प्रिंस को प्रजापति जागृति मंच चेरिटेबल ट्रस्ट की कार्यकारिणी ने सम्मानित किया। प्रिंस के अनुसार राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक प्रतियोगिता 30 व 31 मई को कुरुक्षेत्र में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में सोनीपत के खिलाड़ियों ने 19 पदक जीते और प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम की। इसमें उन्होंने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण और 200 मीटर में रजत पदक जीता। मौके पर ट्रस्ट के संरक्षक सूरजभान, प्रधान हवा सिंह वर्मा, महासचिव नरेश, सचिव राजू चौहान, कोषाध्यक्ष रामकुमार प्रजापति व प्रिंस के पिता मदन ने खिलाड़ी को आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चोरी की बाइक के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस ने बाइक चोरी करने की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित खटीक मोहल्ला गोहाना निवासी समीर पुत्र सुनील व धानक कालोनी गोहाना निवासी सचिन पुत्र धर्मबीर हैं। 31 मई 2026 को हिमांशु पुत्र पवन निवासी उतम नगर, गोहाना ने थाना शहर गोहाना में बाइक चोरी की शिकायत दी थी। उसने अपनी बाइक को अपने घर के सामने वाली गली मे खड़ा किया था। वहां से उसकी बाइक को चोरी कर लिया गया। थाना शहर गोहाना की अनुसंधान टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही धर्मबीर ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए घटना मे संलिप्त उक्त दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।



गोहाना। पं. श्रीराम शर्मा को याद करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### भारत के युगदृष्टा मनीषी थे पं.श्रीराम शर्मा : दांगी

**गोहाना।** मंगलवार को सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में पंडित श्रीराम शर्मा 36वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने पं. श्रीराम शर्मा को याद करते श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा पं. श्रीराम शर्मा भारत के एक युगदृष्टा मनीषी थे जिन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थापना की और गायत्री मंत्र के प्रचार प्रसार के माध्यम से आध्यात्मिक नव चेतना को जगाने और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का कार्य किया। उन्होंने अपने जीवन को समाज की भलाई और सांस्कृतिक तथा चारित्रिक उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। समारोह की अध्यक्षता मोर्चे की शहरी इकाई के अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने की। उन्होंने कहा आचार्य श्रीराम शर्मा एक लेखक और विचारक भी थे। उन्होंने कई पुस्तकें लिखी और शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। श्रीराम शर्मा ने एक ऐसी शैक्षणिक संस्था की स्थापना की जो विद्यार्थियों को प्रबुद्ध मनुष्य बना सके। इस अवसर पर आर्य धर्मपाल भनवाला, सुरेश पंवार, सुरेश धीमान, मास्टर सुरेश, रणधीर राठी, सुखबीर जागलान, राममेहर नरवाल व लक्ष्मी मौजूद रहे।

## सोनीपत बार एसोसिएशन के आधिकारिक पोर्टल की शुरुआत

# एसो.से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता के साथ तेजी आएगी

**प्रशासनिक कामकाज को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की पहल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में उपस्थित न्यायधीश साथ में वकील गण।

सोनीपत बार एसोसिएशन ने तकनीकी रूप से सुदृढ़ होने की दिशा में कदम बढ़ाते अपने आधिकारिक पोर्टल की शुरुआत की है। इस डिजिटल पहल का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह और मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नेहा गोयल ने किया। बार परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने शिरकत की। उपस्थित सदस्यों ने इस कदम को आधुनिक समय की मांग बताते कहा कि इससे बार के कामकाज में बड़ा सुधार आएगा। इस नए पोर्टल के माध्यम से बार एसो के प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। इसके शुरू होने से रिकॉर्ड प्रबंधन, सूचनाओं के प्रसारण और एसो से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता के साथ-साथ तेजी आएगी। अधिवक्ताओं को भी संघ से जुड़ी तमाम जानकारियां और सुविधाएं अब एक ही जगह मिल सकेंगी।

### प्रशासनिक ढांचे को ज्यादा पारदर्शी बनानाः प्रधान

बार एसोसिएशन के प्रधान कमल हुड्डा ने बताया कि इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करना और प्रशासनिक ढांचे को ज्यादा पारदर्शी बनाना है। उन्होंने कहा कि कानूनी क्षेत्र में भी तकनीकी बदलाव जरूरी हैं और यह पोर्टल इसी कड़ी का हिस्सा है। इससे कार्यों का समय पर निपटारा हो सकेगा। इस अवसर पर सचिव संदीप खरब, कोषाध्यक्ष परवीन कुमार ढिल्लो, पूर्व प्रधान अनूप सिंह दहिया, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश दहिया, सुरेश गहलावत, रमन छिल्लर, अंकित त्यागी और युद्धवीर दहिया समेत कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, विनोद कुमार पुत्र श्री शिव नारायण निवासी मकान नं 1251 गांव नांगल कला तह राई जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरे बेटे हर्ष के आधार में मेरा नाम विनोद कुमार व उसकी दसवीं की मार्कशीट में मेरा नाम विनोद लिखा है। विनोद कुमार,व विनोद एक ही व्यक्ति के नाम है। इसके प्रति कोई उजर करेगा मैं जिम्मेवार हूं।

## दूसरे भवन में रेनोवेशन का काम अंतिम चरण में

# रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं शहर को देंगी नई पहचान

प्लेटफार्म नंबर 1 को ऊंचा करने के लिए स्टैंडर्ड हाइट बढ़ाने का कार्य जारी | अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत 29 करोड़ से हो रहा पुनर्विकास | कार्यों को जल्द पूरा करवाने का लक्ष्य, यात्रियों को मिलेगी आधुनिकीकरण की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रेलवे स्टेशन पर जल्द एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं शहर को अलग पहचान दिलाएंगी। अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर प्रथम चरण में 29 करोड़ रुपये से नवीनीकरण के कार्य जारी हैं। रेलवे ने योजना के तहत निर्माणाधीन नए भवन के बाद पुराने भवन में रेनोवेशन कार्य को जल्द पूरा करवाने का निर्णय लिया है। पुराने भवन में मरम्मत संबंधी कार्य करवाकर छोटी-मोटी कमियों को दूर कर इसे नया रूप दिया जा रहा है, ताकि सोनीपत स्टेशन के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिल सके। नवीनीकरण के बाद ए ग्रेड श्रेणी में शामिल मॉडल सोनीपत स्टेशन शुमार पर होगा। सोनीपत स्टेशन पर आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए नए भवन का निर्माण होने के बाद पुराने भवन के रेनोवेशन का कार्य शुरू किया गया था, जो अब अंतिम चरण में है। दिल्ली के मंगोलपुरी की सफेद जालीदार शीट प्रवेश द्वार का सुंदरीकरण बढ़ावा देगी। नए भवन में 18 जनवरी से बुकिंग कार्यालय व नए टिकट काउंटरों की शुरुआत कर दी गई है। टिकट आरक्षण एवं बुकिंग कार्यालय का शुभारंभ हो चुका है। फिलहाल प्लेटफार्म नंबर 1 को ऊंचा करने के लिए स्टैंडर्ड हाइट बढ़ाने का कार्य जारी है, ताकि यात्रियों को ट्रेनों में सवार होने व उतरने में सुविधा मिल सके। उक्त प्लेटफार्म को 2 व 4 के बराबर ऊंचा किया जा रहा है। साथ ही यात्रियों व कर्मचारियों के लिए भवन पुनर्निर्माण के साथ एक और फुट ओवरब्रिज बनवाने के साथ स्वचालित सीढ़ियां व लिफ्ट लगवाने का कार्य जारी है। नवीनीकरण के पश्चात स्टेशन पर पर्यटन स्थलों के बोर्ड संस्कृति से रूबरू करवाएंगे। साथ मुख्य द्वार पर पांडवों के नाम से बन रहे पांच गुबंद महाभारतकालीन याद दिलाएंगे।



सोनीपत। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### पीएम व रेल मंत्री ने वर्ष 2023 में रखी थी आधारशिला

सोनीपत स्टेशन पर वर्ष 2023 में प्लेटफार्म नंबर एक पर स्वचालित सीढ़ियां लगाकर नवीनीकरण कार्य की शुरुआत कर दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ 6 अगस्त, 2023 को वर्चुअल माध्यम से सोनीपत स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी थी। रेलवे स्टेशन पर जल्द हाईटेक सुविधाएं मिलने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। रेलवे स्टेशन पर प्रथम चरण के करीब 90 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है।

### 450 यात्रियों के एकत्रित होने की व्यवस्था

मॉडल सोनीपत स्टेशन पर 600 वर्ग मीटर में बने 45 फीट चौड़े भवन में एक साथ 450 यात्रियों के एकत्रित होने की व्यवस्था की गई है। साथ ही मुख्य द्वार के पास पार्किंग क्षेत्र के विस्तार का कार्य तेजी से किया जा रहा है। साथ ही स्टेशन परिसर में यात्रियों को जल्द आधुनिक 12 फीट चौड़े फुट ओवरब्रिज की सौगात भी मिलेगी। आरपीएफ थाना के पास 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज के निर्माण पर 4.50 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होने के बाद इस पर लिफ्ट व स्वचालित सीढ़ियां लगाने का काम जोरों पर है।

सिटी पल्स



सोनीपत। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर नए भवन के साथ पुराने भवन में चल रहा रेनोवेशन का कार्य। फोटो : हरिभूमि

### ये मिलेंगी सुविधाएं

सोनीपत स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर यात्रियों के लिए सुविधाजनक बुकिंग कार्यालय, बड़े प्रतीक्षालय हॉल, फूड प्लाजा, प्रतीक्षालय कक्ष, व्यावसायिक केंद्र की शुरुआत कर दी गई है, जबकि आधुनिक शेड, दिव्यांग लोगों की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार पर रैंप, फुट ओवरब्रिज आदि का काम जारी है।

### 90 फीसदी काम पूरा

अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए करीब 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुके हैं। फिलहाल यात्रियों की सुविधा के लिए पुराने भवन के रेनोवेशन का कार्य जारी है। इसके साथ प्लेटफार्म नंबर 1 की ऊंचाई बढ़वाई जा रही है, ताकि यात्रियों को ट्रेनों में उतरने-चढ़ने में परेशानी न झेलनी पड़े। प्रयास है कि यात्रियों को जल्द आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

-पुष्पेश रमण त्रिपाठी, रेल प्रबंधक (डीआरएम), दिल्ली मंडल

### क्या बोले शहरवासी

#### स्टेशन की प्रदेशभर में होगी पहचान



रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का विस्तार होने से यात्रियों को लाभ मिल सकेगा। साथ ही जिले के रेलवे स्टेशन की पहचान प्रदेशभर में होगी, जो अपने आप में मिसाल कायम करेगा। यह सरकार व रेलवे का उत्कृष्ट प्रयास है।

-संदीप बत्रा, शहरवासी

#### अधिकारी जल्द काम को पूरा करवाएं



स्टेशन पर यात्रियों के लिए कुछ सुविधाएं शुरू कर दी गई हैं, जबकि कई पर कार्य किए जा रहे हैं। अधिकारियों को चाहिए कि वह इन्हें जल्द खत्म करवाए। इससे स्टेशन बड़ी सौगात के रूप में सामने होगा।

-गगन कुमार, शहरवासी



## याद बहुत आते हैं वो दिन...

# परिवार ने लाड नाजों से की परवरिश लोगों ने पढ़ाई का उड़ाया मजाक

विभाजन के दौरान झज्जर में आकर बसेः राज गुलाटी

वर्ष 2003 में लैक्चरार के पद से सेवानिवृत्त राजकुमारी गुलाटी आज वेदों के प्रचार-प्रसार से बच्चों का जीवन संवार रही हैं। राज गुलाटी ने बताया कि पिता स्व. रामदेवाय छाबड़ा के पाकिस्तान ही रह जाने के बाद उनकी परवरिश माता भवानी बाई व बड़े भाइयों ने बड़े ही लाड नाजों से की। जब परिवार ने शिक्षा के लिए स्कूल-कॉलेज भेजा, तो लोगों ने मजाक उड़ाया। परिवार ने बिना किसी परवाह के उनका कदम-कदम पर सहयोग किया। साथ ही पिता के वादे को पूरा किया। पिता ने परिवार से वचन लिया था कि सबसे छोटी होने के नाते कोई कभी उन्हें दुख नहीं पहुंचाएगा। साथ ही काबिल बनाने में पूरा सहयोग देगा। करीब 82 वर्षीय राज गुलाटी ने बताया कि उनका जन्म वर्ष 1945 में पाकिस्तान में हुआ। वर्ष 1947 में विभाजन के दौरान पिता रामदेवाय छाबड़ा ने उन्हें पाकिस्तान से जाने के लिए कहा और खुद रामायण पढ़कर आने की बात कहीं। उनके पिता को राम की भक्ति व रामायण पढ़ने का काफी शौक था। उस समय वह केवल ढाई साल की थी। तब वह परिवार के साथ झज्जर आकर बस गए।



### पंजाबियों में मेहनत करने की लगन, कहावत सही



राजकुमारी गुलाटी

राज गुलाटी ने बताया कि जब परिवार ने उनका कॉलेज में दाखिला करवाया तो आसपास के लोगों, खासकर साथ पढ़ने वाले लोगों ने उनका खूब मजाक उड़ाया। उन्होंने इसे नजरअंदाज करते हुए हमेशा पढ़ाई पर ध्यान लगाया। उस समय कॉलेज में उनके साथ केवल 3 लड़कियां ही शिक्षा प्राप्त कर रही थी। अधिकतर लोग लड़कियों को पढ़ने के लिए नहीं भेजते थे, लेकिन उन्हें परिवार का पूरा सपोर्ट मिला। वर्ष 1967 में परिवार ने उनका विवाह सोनीपत में यशबीर गुलाटी के साथ किया, जिन्होंने हरियाणा स्कूल में हैड मास्टर के तौर पर अपनी सेवाएं दी। आज तीन भाई दुनिया को अलविदा कह चुके हैं, जबकि उनके बच्चे ट्रांसपोर्ट का बिजनेस संभाल रहे हैं। कहते हैं पंजाबियों में मेहनत करने की लगन होती है, यह कहावत उन्होंने अपने जीवन में चरितार्थ होते हुए देखी।

### वेदों के प्रचार की मन में लगन ठाने हैं राजगुलाटी

राज गुलाटी बताती हैं कि उन्होंने वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए ही विवाह के बाद संस्कृत से एमए की पढ़ाई की। शिक्षा के आधार पर वर्ष 1996 में उन्हें झज्जर के बादनपुर में पहली लैक्चरार के पद पर नौकरी मिली। इसके छह माह बाद सोनीपत के पीपली खेड़ा स्कूल में उन्हें लैक्चरार नियुक्त किया गया। वर्ष 2003 में वह इसी पद से सेवानिवृत्त हुई। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने वेदों के प्रचार-प्रसार को गति देते हुए आर्य समाज का खूब प्रचार किया। सेक्टर-15 में लोगों के सहयोग से आर्य समाज की स्थापना के बाद गुरुकुल शुरू करवाने में भागीदारी निभाई। आज यहां करीब 15 बच्चों को वेदों का प्रशिक्षण देने में सहयोग कर रही हैं।

### थोड़ा लेट हो जाने पर भी माता-पिता घर के दरवाजे पर देखते थे राह : ओपी एलाबाधी

डिप्टी डायरेक्टर विजिलेंस से सेवानिवृत्त ओपी एलाबाधी ने बताया कि पिता स्व. सुंदर सिंह एलाबाधी, माता स्व. रामदेतई ने हमेशा सच्चाई, मेहनत व ईमानदारी के पथ चलने की राह दिखाई। संयुक्त परिवार में उनका बचपन बड़े ही प्यार, दुलार से बीता। नौकरी हासिल करने के बाद भी माता-पिता घर के दरवाजे पर बैठकर उनकी राह देखते रहते थे। रामायण, गीता, भागवत के अध्ययन ने धर्ममय बनाया। आज सीनियर सिटीजन समिति के संरक्षक पद पर युवाओं को संस्कारवान बनने की राह दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। ओपी एलाबाधी ने बताया कि उनका जन्म वर्ष 1944 में पाकिस्तान में हुआ। विभाजन के बाद वह रोहतक में आकर बसे। इसके बाद गांव बड़ौता में उनके पिता करीब 10 साल सरपंच पद पर रहे। साथ ही राशन की दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करते रहे। माता ने भी सिलाई का काम शुरू कर महिलाओं को आगे बढ़ने की सीख दी। उन्होंने कक्षा 8वीं तक की पढ़ाई यहीं पूरी की। बाद में परिवार ने गोहाना में कपड़ों की दुकान शुरू की, तो उन्होंने यहां मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद अंबाला में 3 साल पॉलटैक्निक से इलैक्ट्रिक इंजीनियरिंग का डिप्लोमा किया। एएमआई की परीक्षा दी। वर्ष 1980 में सोनीपत के सेक्टर-14 में स्थाई निवास बनाया। वहीं गोहाना में तब बनाए गए धार्मिक स्थल का आज भी संचालन किया जा रहा है, जहां रामायण, गीता, भागवत एक साथ पढ़ने को मिल रहे हैं।



ओपी एलाबाधी।

## बसंत बिहार सहित सार्वजनिक मार्गों से अधिक अवैध लोहे के गेट हटाए



**गन्नौर।** बसंत बिहार व अन्य जगह में गलियों और सार्वजनिक मार्गों पर अवैध रूप से लगाए गए लोहे के गेटों को लेकर मुख्यमंत्री विंडो पर की गई शिकायत के बाद नगरपालिका प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सभी अवैध गेट हटवा दिए। नगरपालिका की कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। शहर के आधा दर्जन लोगों ने मुख्यमंत्री एवं सीएम विंडो को भेजी शिकायत में आरोप लगाया था कि बसंत बिहार व अन्य जगह की कई गलियों और रास्तों पर अवैध रूप से लोहे के गेट लगाए गए हैं, जिनके कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि कई गेट रात के समय बंद कर दिए जाते हैं, जबकि कुछ गेट दिन में भी बंद रहते हैं। इससे आम नागरिकों, वाहन चालकों तथा आपातकालीन सेवाओं के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी।



## ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में सक्रिय अधिगम पर संगोष्ठी

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में मंगलवार को विद्यार्थियों के शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक और सहभागितापूर्ण बनाने के उद्देश्य से 'सक्रिय अधिगम (एक्टिव लर्निंग)' विषय पर विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन मुख्य उद्घोषी नीरज त्यागी और रितु सिंह ने किया तथा सक्रिय अधिगम के शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में चंचल शर्मा, मीनू शर्मा, प्रणव और भूपेंद्र सहित विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान समूह-कार्य, संवादात्मक शिक्षण, गतिविधि-आधारित शिक्षा और अनुभवात्मक अधिगम जैसी आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर चर्चा की गई। विशेषज्ञ वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभवों, प्रश्नोत्तर और सहयोगात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर उनकी सीखने की क्षमता, रचनात्मकता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए सक्रिय अधिगम को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उपयोगी बताया। संगोष्ठी के समापन पर विद्यालयों में सक्रिय अधिगम आधारित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। अंत में चंचल शर्मा ने प्रमुख वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

## स्कॉर्पियो की छत पर बैठकर स्टंट वीडियो वायरल होने पर केस दर्ज

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर चलती स्कॉर्पियो की छत पर बैठकर स्टंट करने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बहालगढ़ थाना पुलिस ने वाहन चालक और स्टंट में शामिल युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में काले रंग की एक स्कॉर्पियो तेज रफ्तार से हाईवे पर दौड़ती दिखाई दे रही है। वाहन की छत पर दो युवक बैठे हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो सेक्टर-7 फ्लाईओवर के पास का है, जहां वाहन दिल्ली की ओर से पानीपत की तरफ जा रहा था। वीडियो की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने वाहन के पंजीकरण नंबर के आधार पर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वाहन पर दिल्ली का नंबर दर्ज है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की हरकत सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है और इससे बड़ा हादसा हो सकता था।

## मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन पर मंथन

■ साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति अवगत कराना था। इस कार्यक्रम में साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, होली चाइल्ड स्कूल तथा श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सकार्यशाला का संचालन सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन हिंदू स्कूल, न्यू कोर्ट रोड से सीमा सहगल, व विकल्प पब्लिक हाई स्कूल, रोहतक की प्राचार्या किरण पाहवा द्वारा किया गया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, भावनात्मक सुदृढ़ता विकसित करने, तनाव प्रबंधन की तकनीकों और विद्यालयों में सहयोगात्मक एवं सकारात्मक शिक्षण वातावरण तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की।

## न्यूज डायरी

### मेयर ने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर जताई सख्ती, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों और ठेकेदारों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री के उपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगम आयुक्त हर्षित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में कमी मिलने पर इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मेयर ने कहा कि सीवर लाइन और सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। मौके पर निरीक्षण के दौरान अधिकांश शिकायतें सही पाई गई हैं। उन्होंने कनिष्ठ अभियंताओं को अपने-अपने वार्डों में चल रहे कार्यों का नियमित निरीक्षण करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ,



### परीक्षा अनियमितताओं के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**सोनीपत।** मानव अधिकार संरक्षण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिला उपायुक्त के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा विद्यार्थियों के हितों से जुड़े मुद्दे उठाए। संघ ने मांग की कि परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि नीट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है और विद्यार्थियों व अभिभावकों का विश्वास कमजोर हुआ है। संघ ने परीक्षा संबंधी तनाव और अनिश्चितता के कारण विद्यार्थियों द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदमों पर चिंता जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

### नप अध्यक्ष पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद : इंद्रजीत

**गोहाना।** नगर परिषद की अध्यक्ष रजनी विरमानी पर शहर की सफाई व्यवस्था में लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। यदि कोई व्यक्ति सफाई व्यवस्था या किसी अन्य मामले में रजनी विरमानी के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी आरोप सिद्ध कर दे तो हम राजनीति छोडने के साथ अपनी जमीन भी नगर परिषद को दान कर देंगे। अगर आरोप लगाने वाले आरोप सिद्ध नहीं कर पाए तो वे शहर की जनता से माफी मांगें। यह बात नप अध्यक्ष के पति एवं गोहाना पंजाबी महासभा के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से कही।

### अर्जुन अवार्डी पहलवान सुनील का एशियन गेम्स में चयन, गांव में खुशी का माहौल

**गन्नौर।** डबरपुर गांव निवासी अर्जुन अवार्डी पहलवान सुनील कुमार ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सुनील कुमार का अब जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए चयन हो गया है। सुनील कुमार ने लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए मजबूत प्रतिद्वंद्वी रोहित बुरा को पराजित किया और 87 किलोग्राम वर्ग में भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का किया। उनके चयन की खबर मिलते ही डबरपुर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया। परिवार के सदस्यों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई।



### महिला की हत्या की घटना में संलिप्त 2 गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने महिला की हत्या की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप पुत्र महावीर निवासी घड़वाल हाल निवासी नई सब्जी मंडी गोहाना और गुलजार पुत्र मुन्ना निवासी मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

## डीसीआरयूएसटी में बीटेक अंतिम सेमेस्टर का परिणाम मात्र 9 दिनों में घोषित

92.83 प्रतिशत रहा उत्तीर्णता परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) ने शैक्षणिक और प्रशासनिक दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बीटेक अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम मात्र 9 दिनों के भीतर घोषित किया है। विश्वविद्यालय की ओर से 23 मई को संपन्न हुई अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं का परिणाम 1 जून को जारी किया गया, जिससे विद्यार्थियों को समय पर अपनी आगे की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योजनाओं को गति देने का अवसर प्राप्त होगा। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने परीक्षा शाखा, शिक्षकों एवं संबंधित कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि समयबद्ध परीक्षा परिणाम किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान की कार्यकुशलता का महत्वपूर्ण मानदंड होता है। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने बताया कि बीटेक अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में कुल 823 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 764 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। इस प्रकार विश्वविद्यालय का कुल उत्तीर्णता प्रतिशत 92.83 प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को दर्शाता है। बीटेक सिविल इंजीनियरिंग शाखा के अंतिम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया जाना शेष है, जिसे भी शीघ्र जारी कर दिया जाएगा।

## मोबाइल चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना शहर सोनीपत पुलिस ने हॉस्पिटल से मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छह चोरीशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पीयूष पुत्र मदन निवासी श्रीनिवासपुरी, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आयुष पुत्र मुन्नीराम निवासी गांव निरथान ने शिकायत दी थी कि 29 मई की सुबह करीब 1:45 बजे हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड और अन्य हिस्सों से छह मोबाइल फोन चोरी हो गए थे। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नंबरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/- |
| 10×8 सें.मी | | रु. 2500/- |
| | | +5% GST Extra |

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# बरोदा में 34 सड़कों की मरम्मत को मंजूरी

## यातायात व्यवस्था सुगम होने से लोगों को मिलेगी राहत : विधायक इन्दुराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

लोक निर्माण विभाग द्वारा बरोदा हलके में 34 सडक़ों की मरम्मत करने मंजूरी प्रदान की गई है। ये सडक़ें जर्जर अवस्था में होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि उनके द्वारा पिछले विधानसभा सत्र के दौरान 22 दिसंबर 2025 को क्षेत्र की इन सभी जर्जर सडक़ों की मरम्मत का मुद्दा पूरी मजबूती के साथ सरकार के समक्ष उठाया था। उस समय सदन में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने आश्वासन दिया था कि जल्द से जल्द सभी सड़कों के एस्टीमेट बनवाकर इन्हें मंजूर किया जाएगा। अब लोक निर्माण विभाग द्वारा हलका क्षेत्र की 34 सड़कों की मरम्मत करने की मंजूरी प्रदान की गई है। सड़कों की मरम्मत से यातायात व्यवस्था सुगम होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।



### इन सड़को का होगा कायाकल्प

बरोदा हलका क्षेत्र की जिन सडक़ों की मरम्मत की जाएगी उनमें चिड़ाना से बुआना लाखू, सिरसाढ़ एप्रोच मार्ग, जागसी से छिछड़ाना मार्ग, ईशापुर खेड़ी से गंगाना मार्ग, गांव खानपुर से शामड़ी मार्ग, भैंसवाल कलां एप्रोच मार्ग, माहरा से ठसका मार्ग, ठसका से आहुलाना मार्ग, कथूरा से छपरा मार्ग, निजामपुर से भैरू खेड़ा मार्ग, ठसका एप्रोच मार्ग, कथूरा डिग्गी से बरोदा चौक मार्ग, बरोदा मोर राजूवाला गोहर और वमावि से ड्रेन तक मार्ग, बलि ब्राह्मणान एप्रोच मार्ग, गढ़ी सराय नामदार खान मार्ग, गामड़ी से खेड़ी मार्ग, खेड़ा कोहला से जनता बुटाना मार्ग, गामड़ी से गढ़ी सराय नामदार खान मार्ग, वजीरपुरा एप्रोच मार्ग, रामगढ़ कैलाना खास एप्रोच मार्ग, गामड़ी की फिरनी, फरमाना आंवली रोड से ड्रेन नंबर 8 तक, बिचपड़ी से गंगाना मार्ग, गुढ़ा एप्रोच मार्ग, धनाना से हथवाला मार्ग, सिवानका स्कूल एप्रोच मार्ग, गोहाना-लाखन माजरा मार्ग से मिर्जापुर खेड़ी मार्ग वाया मदीना छिछडाना मार्ग, किलोई से पुगथला वाया बिधल मोई बजाना कलां मार्ग, रिठाल से बवाना लाखू मार्ग, भावड़ से भम्भेवा मार्ग, जागसी से गंगाना मार्ग, बुटाना से कोहला मार्ग, रिंढाणा से धनाना मार्ग और माहरा से रभड़ा मार्ग शामिल हैं।